# सारा अली खान और कार्तिक आर्यन की बढ़ती दोस्ती से परेशान हैं अनन्या पांडेय?




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सारा अली खान और कार्तिक आर्यन बीते कुछ महीनों से काफी सुर्खियों में हैं। दोनों इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। फिल्म के सेट्स से तस्वीरें और कई विडियोज वायरल हो रहे हैं। फैंस के बीच भी दोनों की जोड़ी को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। सारा पहले ही कन्फेस कर चुकी हैं कि कार्तिक आर्यन उनके क्रश हैं और दोनों की बढ़ती दोस्ती की खबरें लगातार सुर्खियां बनी हुई हैं। सोर्स की मानें तो दोनों की बढ़ती नजदीकियों को देखकर अनन्या पांडेय, जिनकी कार्तिक से डेटिंग की खबरें आ चुकी हैं, कुछ परेशान हो रही हैं। सूत्रों ने बताया, सारा और कार्तिक बीते कुछ महीनों से एक-दूसरे के काफी करीब आ चुके हैं। अनन्या के लिए यह सब आसान नहीं है क्योंकि उनका रिलेशन शुरू हुए कुछ ही वक्त बीता है। दोनों के बीच अनबन भी है क्योंकि वह सारा और उनकी बढ़ती दोस्ती के लिए राजी नहीं हैं। अनन्या कार्तिक इस रिश्ते को चलाने की पूरी कोशिश में हैं। इसी बीच कार्तिक और अनन्या पति, पत्नी और वो के रीमेक में भी साथ नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ भूमि पेडणेकर भी होंगी। अनन्या स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में भी नजर आएंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# रहस्यमयी अवतार में दिख रहे रणवीर सिंह



सिल्वर स्क्रीन पर हर ऐक्ट में अपने परफॉर्मेंस से और रियल लाइफ में अपने डिफरेंट स्टाइल से हमेशा दर्शकों को इम्प्रेस करते नजर आए हैं रणवीर सिंह। ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर रणवीर अपने नए अवतार से दर्शकों को हैरान करने के लिए बिल्कुल रेडी हैं।

हमें इंटरनेट पर रणवीर की कुछ तस्वीरें दिखी हैं, जिसमें वह काफी रहस्यमय अवतार में दिख रहे हैं। इस तस्वीर में वह ऊपर से नीचे तक ब्लैक अटायर में हैं और आपकी नजरें उनकी खौफनाक आंखों पर टिक जाएंगी। इस तस्वीर में वह दाढ़ी और मूंछों में हैं और सिर पर दिख रहा है गोल ब्लैक हैट। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर मुंबई के किसी स्टूडियो में शूटिंग कर रहे थे, हालांकि प्रॉजेक्ट को लेकर कोई जानकारी नहीं हैं और न ही उनके इस लुक को लेकर अभी तक कोई जानकारी है। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो रणवीर की झोली में अभी बहुत सारे प्रॉजेक्ट हैं, जिसमें कबीर खान की 83 (कपिल देव की बायॉपिक) और करण जौहर की तख्त जैसी फिल्में शामिल हैं।

## एक बार फिर पर्दे पर वापसी कर रही हैं रूप दुर्गापाल

बालिका वधू और कुछ रंग प्यार के ऐसे भी जैसे टीवी शोज से अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रूप दुर्गापाल एक बार फिर टीवी पर वापसी के लिए तैयार हैं। जी हां, आपने सही पढ़ा! अभिनेत्री ने हाल ही में एक इंडोनेशियाई टीवी शो की शूटिंग की है। रूप ने कहा, मैं एक टेलीविजन चैनल की एनिवर्सरी मनाने के सिलसिले में जकार्ता में थी। यह चैनल मेरे कई भारतीय टीवी शोज दिखाता है। संयोग से, इस बार मुझे एक शॉर्ट रोमांटिक कॉमेडी सीरीज की शूटिंग करने का भी मौका मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें भाषा संबंधी कोई समस्या नहीं हुई क्योंकि उन्हें अंग्रेजी, इंडोनेशियाई के साथ ही हिंदी बोलने की छूट थी। सीरीज का प्रसारण रमजान के आसपास होगा। शो में रूप ने साथ निभाना साथिया के अभिनेता विशाल सिंह के साथ काम किया है। अपने किरादरों के अलावा अभिनेत्री बीते दिनों इंटरनेट पर अपनी बोल्ड तस्वीरों के लिए भी काफी चर्चा में रहीं थी।



## लंबे वक्त के बाद इस रिएलिटी शो से छोटे पर्दे पर वापसी करने वाली हैं मिनी माथुर

पूर्व वीजे और सिंगिंग रिएलिटी शो इंडियन आइडल की होस्ट रहीं मिनी माथुर और सायरस साहूकार एक स्कूल क्विज डिस्कवरी स्कूल सुपर लीग (डीएसएसएल) को एक साथ होस्ट करेंगी। मिनी ने एक बयान में कहा, मैं क्विज की प्रमुख हूं और यह भारत के बच्चों की छिपी ज्ञान प्रतिभा को उबारती है। उन्होंने कहा, क्विजमास्टर की भूमिका उतनी आसान नहीं होती जितनी दिखती है। उसे बच्चों को सहज बनाना होता है जिससे वे उस माहौल में बेफिक्र हो सकें और समय आने पर तथ्यों को याद रखें। तथा खेल की ऊर्जा को कायम रख सकें।

उन्होंने कहा, मैं डीएसएसएल में जाने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि प्रत्येक राज्य की टीम को पहचानने की प्रक्रिया काफी विस्तृत है। क्विज में 29 राज्यों तथा एक केंद्र शासित राज्य दिल्ली की टीमें ली जाएंगी। सायरस ने कहा, डीएसएसएल का पैमाना बहुत शानदार है। मैं ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। डीएसएसएल का प्रसारण डिस्कवरी चैनल, डिस्कवरी एचडी वर्ल्ड, डिस्कवरी साइंस और डिस्कवरी किड्स पर 28 अप्रैल को होगा। मिनी और सायरस इसके अलावा माइंड द मल्होत्राज नामक एक कॉमेडी शो से भी जुड़े हैं।

## झाड़ू भी लगाओ तो ऐसे कि हर कोना साफ हो जाए

# आशा भट्ट



कर्नाटक की टैलेंटेड गर्ल आशा भट उस समय रातोंरात चर्चा में आ गईं, जब 2014 में उन्होंने दुनियाभर की सुंदरियों को पीछे छोड़ते हुए मिस सुप्रानैशनल का खिताब अपने नाम किया। अब आशा फिल्म जंगली से बॉलिवुड में दस्तक दे चुकी हैं...

**आप एनसीसी में रही हैं, आर्मी में जाना चाहती थीं, तो कश्मीर के हालात और इंडो-पाक टेंशन पर आप क्या सोचती हैं?**

मैं सच्ची देशभक्त हूं और हमारे घर में घुसकर कोई आपको तंग करेगा, तो आप क्या करेंगे? आपके फैमिली मेंबर को कोई तकलीफ पहुंचाए, तो आप गुस्सा हो जाते हैं, तो यहां देश की बात है। यह सब देखकर तकलीफ होती है, दुख होता है, लेकिन इसका मतलब भी यह नहीं है कि आप व्यावहारिकता खो दें। जंग हर चीज का जवाब नहीं है। मुझे सरकार पर भरोसा है। मुझसे कहीं ज्यादा दिमागवाले लोग फैसला लेने के लिए बैठे हैं। मैं देश के साथ खड़ी रहूं और सरकार के साथ हूं।

**अक्सर देखा जाता है कि सौंदर्य प्रतियोगिता जीतने वाली ब्यूटी चेंस का अगला कदम बॉलिवुड होता है। क्या आपके लिए भी मिस सुप्रानैशनल का खिताब एक जरिया था?**

क्या होता है कि जब आप मिस इंडिया या इंटरनैशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट विनर बन जाते हैं, तो बॉलिवुड में एंट्री थोड़ी आसान हो जाती है।

अवॉर्ड फंक्शंस में जाने का मौका मिलता है, आप इंडस्ट्री के लोगों से मिल सकते हैं, तो लगता है कि यहां तक आ ही गए हैं, तो क्यों न फिल्मों के लिए भी कोशिश की जाए। जैसे, ऐक्टिंग मेरे करियर लिस्ट में नहीं थी, लेकिन जब मैं मुंबई आ गई, तो काम तक पहुंचना आसान हो गया था। मुझे टाइम्स टैलंट मैनेजमेंट कंपनी ने साइन किया था, वे कहते थे कि आशा यहां पर ऑडिशन है, तुम ट्राई करके देखो। मैं 15 सालों से ट्रेंड भरतनाट्यम डांसर हूं। कर्नाटक म्यूजिक सिंगर भी हूं, पैरेंट्स का सपोर्ट भी पूरा था, तब सोचा ऑडिशन देकर देखते हैं। मेरी मां कहती हैं कि झाड़ू भी मारो, तो ऐसे मारो कि किसी कोने में धूल न दिखे। मैंने हमेशा उनकी यह बात मानी है कि आपको अगर कुछ करना है, कुछ बनना है तो अपना सौ फीसदी देना पड़ेगा, वह चाहे मेरी एनसीसी हो, ब्यूटी पेजेंट हो या ऐक्टिंग। हालांकि, मैंने अपने लिए एक प्रैक्टिकल लिमिट भी रखी थी कि दो साल में कुछ कर पाई, तो ठीक है, वरना आगे कुछ और कर लेंगे।

**बैकअप प्लान के तौर पर क्या सोचा था?**

मैं एनसीसी में रही हूं, तो बैकअप प्लान यह था कि वापस आकर आर्म्ड फोर्सेस (सेना) जॉइन कर लूंगी, सिग्नल कॉर्प्स में या कुछ और।

**आपने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है, एनसीसी कैडेट रही हैं, भरतनाट्यम डांसर हैं, कर्नाटक म्यूजिक सिंगर हैं, फिर मिस सुप्रानैशनल और अब ऐक्ट्रेस, इतनी अलग-अलग चीजें करने का शौक कैसे लगा?**

मैं टिपिकल साउथ इंडियन फैमिली से हूं, जहां कल्चरल ट्रेनिंग पढ़ाई के साथ-साथ चलती है। मेरी मॉम भी एथलीट हैं और कमाल की डांसर है, तो ये शौक वहां से आया। मेरे पैरेंट्स पैथॉलजिस्ट हैं। मेरी बड़ी बहन सर्जन है। मेरे घरवाले हमेशा बहुत सपोर्टिव रहे। उनका कहना था कि बच्चा, तेरे को जो करना है, तू कर। तू उड़, गिरने की टेंशन मत ले, तू गिरेगी, तो हम पकड़ लेंगे, इसलिए मैं निडर होकर यह सब कर पाई। मैं कर्नाटक के भद्रावती इलाके से हूं, वहां से मुंबई तक का सफर तय करना, यहां अपना नाम बनाना आसान नहीं है। मेरी फैमिली ऐसी है कि एक को कुछ करना है, तो चारों मिलकर उसकी तैयारी करते हैं

**आपको लगता है कि जंगली आपके बॉलिवुड डेब्यू के लिए बेस्ट फिल्म है?**

पहली फिल्म हम नहीं चूज करते, फिल्म हमें चूज करती है। मैं इसे ड्रीम डेब्यू नहीं कहूंगी, क्योंकि मैंने यह सपना देखा ही नहीं था कि चक रसेल जैसा डायरेक्टर, जंगली पिक्चर्स जैसा प्रॉडक्शन, विद्युत, पूजा इन सबके साथ काम करूंगी। फिर, मेरा रोल भी स्ट्रॉन्ग है। मैं इस फिल्म में एक निडर जर्नलिस्ट मीरा का किरदार निभा रही हूं। इस फिल्म का कॉन्टेंट करीब चार दशक बाद एक ऐसी फिल्म आ रही है, जिसमें स्क्रीन पर असल हाथी दिखेंगे। यह मेरे लिए बेस्ट डेब्यू फिल्म है।